## खास-खबरें

### आपदा प्रबंधन- 3 दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित



**बुरहानपुर।** जिले में कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशानुसार मानसून पूर्व तैयारियों और आपदा प्रबंधन को दृष्टिगत् रखते हुये पूर्वाभ्यास की श्रृंखला जारी है। इसी कड़ी में होमगार्ड विभाग द्वारा बाढ़ एवं आपदा में बचाव कार्य हेतु कर्मचारियों, जवानो एवं सिविल डिफेन्स वॉलेंटियर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित है। बुधवार को प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस पर 25 होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ जवानो एवं 6 सिविल डिफेन्स वॉलेन्टियर्स को तैराकी, डीप डायविंग एवं बोट चलाने का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण प्लाटून कमान्डर होमगार्ड श्री जितेन्द्र सिंह तोमर द्वारा ताप्ती नदी के राजघाट पर दिया जा रहा है।

### एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 17 को

**सीधी।** जिला रोजगार अधिकारी जिला रोजगार कार्यालय ने जानकारी देकर बताया कि जिले के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को एक ही छत के नीचे रोजगार एवं स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, आई.टी.आई एवं जिला रोजगार कार्यालय सीधी द्वारा दिनांक 17 जून 2025 को जिला रोजगार कार्यालय सीधी के परिसर में समय 11 बजे से 03 बजे तक एक दिवसीय ''युवा संगम'' संयुक्त रूप से रोजगार, स्व-रोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेले में देश/प्रदेश एवं स्थानीय स्तर से निजी क्षेत्र की कंपनियॉ भाग ले रही है।

### ब्यौहारी जनपद पंचायतों के विभिन्न ग्रामों में कृषि शिविरों का आयोजन

**शहडोल।** खरीफ फसल के पूर्व किसानों को विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत नवीन एवं उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी देने हेतु जिले में 29 मई से 12 जून तक कृषि शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ब्यौहारी जनपद पंचायत में कृषि वैज्ञानिक डॉ दीपक चौहान, डॉ. अल्पना शर्मा एवं डॉ. बीके प्रजापति के मार्गदर्शन में ग्राम चचाई, बोड्डिहा, निपनिया, बाणसागर,पसगढ़ी, पपौंध, भन्नी, पपरेड़ी तथ सरसी मे कृषि शिविरो का आयोजन कर कृषि संबंधी जानकारी दी गई तथा किसानों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिवर में किसानों को खेती को आधुनिक बनाने के लिए महत्वपूर्ण सलाह दी गई।

### सुरक्षा कर्मियों के लिए पंजीयन शिविर आयोजित

**बुरहानपुर।** भारतीय सुरक्षा दक्षता परिषद नई दिल्ली द्वारा सिक्युरिटी एण्ड इंटीलिजेंस सर्विसेस (एसआईएस) इंडिया लिमिटेड पुणे/दिल्ली द्वारा सुरक्षा कार्यों के लिए आवेदित उम्मीदवारों को पंजीकृत कर प्रशिक्षण उपरांत स्थायी रोजगार देने के लिए थानावार शिविर आयोजित किये जा रहे है। इसी श्रृंखला में पुलिस विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार 12 जून को थाना परिसर नेपानगर, 13 जून को थाना परिसर शिकारपुरा, 14 जून को थाना परिसर खकनार, 17 जून को थाना परिसर निम्बोला, 18 जून को थाना परिसर शाहपुर, 19 जून को थाना परिसर धुलकोट (थाना निम्बोला), 20 जून को रक्षित केन्द्र परिसर बुरहानपुर, 21 जून को चौकी परिसर नावरा(थाना नेपानगर), 24 जून को चौकी परिसर देड़तलाई(थाना खकनार), 25 जून को थाना परिसर अजाक, 26 जून को थाना परिसर गणपति नाका, 27 जून को थाना परिसर लालबाग तथा 28 जून को थाना परिसर यातायात में शिविर आयोजित रहेंगे।

### सिरमौर पुलिस ने लूट के तीनों आरोपी गिरफ्तार कर पहुंचाए सलाखों के पीछे

**रीवा।** पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह के निर्देशन में एसडीओपी उमेश प्रजापति के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जेपी पटेल के नेतृत्व मे थाना सिरमौर अंतर्गत वर्द्धहा घाटी के पास लूट की घटना को अंजाम देने वाले तीनों आरोपियों को सिरमौर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, थाना प्रभारी जे. पी. पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि 07/06/2025 को एक अज्ञात व्यक्ति के साथ वाइक मे सवार तीन लड़को ने लूट की घटना को अंजाम दिया था. जिसमें आरोपियों ने फरियादी से एक मोबाईल फोन लूट लिया था और उसके यू.पी.आई 11 हजार रुपये नगद निकाल लिया था। पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियो के निर्देशानुसार टीम गठित कर सायबर सेल व मुखबिर की मदद से आरोपी प्रकाश सिंह बघेल निवासी पिपरी थाना बैकुंठपुर, सिवाशु पटेल निवासी थाना बैकुंठपुर, एवं एक किशोर थाना बैकुंठपुर का रहने वाला को गिरफ्तार किया गया आरोपियों के पास से लूटा गया मोबाइल फोन, 7 हजार रुपये नगद, घटना मे प्रयुक्त मोटर साइकिल जप्त किया गया दो आरोपियों का पुराना आपराधिक रिकार्ड रहा है।

---

**कमिश्नर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से की कृषि आदानों की समीक्षा**

# खेती को आधुनिक बनाने के लिए उन्नत तकनीक किसानों तक पहुंचाएं : कमिश्नर

रीवा



**कमिश्नर कार्यालय सभागार में आयोजित बैठक में कमिश्नर बीएस जामोद ने कृषि आदानों की समीक्षा की। कमिश्नर ने कहा कि आगामी 18 जून को कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा रबी फसल की उपलब्धियों तथा खरीफ फसल की तैयारियों की समीक्षा की जाएगी। गत बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन प्रतिवेदन तीन दिवस में प्रस्तुत करें।**

खेती ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आधार है। खेती के बेहतर होने से इसमें सुधार होगा। खेती को आधुनिक बनाने के लिए उन्नत तकनीक किसानों तक पहुंचाएं। खेती के साथ-साथ किसानों को पशुपालन, मुर्गीपालन और मछलीपालन से जोड़कर उन्हें आर्थिक विकास का अवसर दें। इसके लिए फसलवार वर्ष भर की कार्ययोजना तैयार करें। विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों से मिले सुझावों को भी कार्ययोजना में शामिल करें। समन्वित प्रयासों से ही खेती बेहतर होगी।

कमिश्नर ने कहा कि शासन द्वारा फसल विविधीकरण पर लगातार जोर दिया जा रहा है। किसानों को आगामी फसल में धान के स्थान पर दलहन और तिलहनी फसलों के लिए प्रेरित करें। इनके रकबे में वृद्धि करने के लिए आवश्यक उपाय करें। दलहन तथा तिलहन फसलों के उन्नत बीज किसानों तक पहुंचाएं। उद्यानिकी फसलों की भी संभाग के सभी जिलों में अच्छी संभावना है। कई किसान सब्जी और फलों की अच्छी खेती कर रहे हैं। अन्य किसानों को भी उद्यानिकी फसलों से जोड़ें। संयुक्त संचालक कृषि सभी जिलों की कृषि विकास की कार्ययोजना तैयार कराएं। कलेक्टर कृषि आदान तथा कृषि संबद्ध विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित समीक्षा करें। जिले में खाद की उपलब्धता और वितरण पर भी लगातार निगरानी रखें। बैठक में कमिश्नर ने कृषि उपज मण्डियों की रैंकिंग में सुधार, बीज निगम द्वारा बीजों के प्रमाणीकरण, एफपीओ द्वारा तैयार बीजों के प्रमाणीकरण एवं मोटे अनाजों की खेती के संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में कमिश्नर ने कहा कि आगामी 14 जून को पुनः संभागीय समीक्षा बैठक में एपीसी बैठक के एजेण्डा बिन्दुओं की जिलेवार समीक्षा की जाएगी। सभी अधिकारी पूरी तैयारी के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। बैठक में संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी, सहायक संचालक कृषि प्रीति द्विवेदी, उप संचालक मण्डी बोर्ड, क्षेत्रीय संचालक विपणन संघ तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर तथा कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी बैठक में शामिल रहे।

## नवजात शिशु एवं गर्भवती माताओं की मृत्यु दर कम करने हेतु प्रभावी रणनीति बनाकर अमल करें : आयुक्त



शहडोल

**आयुक्त शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने नवजात शिशु एवं गर्भवती माताओं की मृत्यु दर कम करने हेतु प्रभावी रणनीति बनाकर अमल करने के निर्देश संभाग के तीनों जिलों के कलेक्टरों, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को दिए।**

आपने निर्देश दिए कि गर्भवती माताओं का पंजीयन अनिवार्य रूप से होना सुनिश्चित किया जाए। इन माताओं की नियमित चार बार जांच हो। दो जांचे चिकित्सों के माध्यम से कराई जाएं। संस्थागत प्रसव को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। प्रत्येक मौत की रिपोर्ट आनी चाहिए साथ ही मौत के कारणों का विश्लेषण भी किया जाना चाहिए। हाई रिस्क माताओं को प्रसव के पूर्व उपयुक्त अस्पतालों में रेफर किया जाए। गर्भवर्ती माताओं में आयरन की कमी को दूर करने के लिए आयरन की गोलियां शुरू से ही सेवन करने को प्रोत्साहित किया जाए। संभाग के सभी कलेक्टर नियमित रूप से बैठक लेकर समीक्षा करें तथा कारणों का विश्लेषण कर कमियों को दूर कराएं। बैठक में कलेक्टर शहडोल डॉ. केदार सिंह, कलेक्टर उमरिया धरणेंद्र जैन, कलेक्टर अनूपपुर हर्षल पंचोली, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत उमरिया अभय सिंह, अनूपपुर तन्मय वशिष्ट, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस का संगठन सृजन सम्मेलन सम्पन्न

रीवा।

**संगठन सृजन अभियान के तहत कांग्रेस जनों की राय जानने के लिए विधानसभा क्षेत्र सेमरिया एवं सिरमौर में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त रीवा जिले के पर्यवेक्षक पूर्व सांसद एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व सदस्य रामचंद्र खूटिया के मुख्य आतिथ्य एवं सह पर्यवेक्षक श्री संजय यादव तथा कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा की उपस्थिति में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया गया।**

इस अवसर पर दोनों विधानसभाओं में उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए खूटिया ने सम्मेलन एवं रायशुमारी के उद्देश्य पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे नेता श्री राहुल गांधी जी संगठन को साफ सुथरा बनाने के लिए संगठन सृजन अभियान पूरे प्रदेश में चलाने का निर्देश दिया राहुल गांधी जी का स्पष्ट कहना है कि संगठन में ऐसे लोगों का कोई स्थान नही होगा जो कांग्रेस में रहकर अन्य दलों से मिलकर अपना स्वार्थ सिद्ध करने के लिए कांग्रेस की गोपनीयता भंग करते है, और पार्टी के बारे में गलत बयानबाजी करते रहते हैं। ऐसे लोगों को बाहर का रास्ता दिखाया जायेगा तथा कांग्रेस के प्रति समर्पित, निष्ठावान, संघर्षशील, लोगों को संगठन में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जावेगी।

श्री खूटिया ने कहा कि हमारे नेता राहुल गांधी जी छोटे से छोटे तबके से मिलकर उनकी भावनाओं को समझने का प्रयास करते हैं, जब उन्हें यह एहसास हुआ कि दलित, गरीब एवं पिछड़े वर्ग के लोगों को सत्ता एवं प्रशासन में समुचित प्रतिनिधित्व नही मिल पा रहा है, तो उन्होने निर्णय लिया कि पूरे देश में जाति जनगणना कराना अत्यंत आवश्यक है गरीब जातियों को उनका हक दिलाने के लिए जातिगत जनगणना होगी ही और अंततः भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व को भी जातिगत जनगणना कराने की घोषणा करनी पड़ी।

यह हमारे नेता राहुल गांधी जी के दृढ़संकल्प का परिणाम हैं। कांग्रेस जनों को संगठित होकर संघर्ष करना होगा। यह कार्य संघर्षशील निष्ठावान कार्यकर्ता ही कर सकता हैं इसलिए जिले का जिलाध्यक्ष काफी संघर्षशील और निष्ठावान होना चाहिए। सम्मेलन के पश्चात् गुजरात के अहमदाबाद में हुए विमान हादसे में पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी सहित 242 लोगों के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक जताते हुए श्री खूटिया ने कहा कि इस हादसे से मैं स्तब्ध हूं और मेरे हृदय को काफी ठेस पहुंची है।

### मिशन नींव 2025 के अंतर्गत दिया गया प्रशिक्षण

**नरसिहंपुर।** मिशन नींव 2025 के अंतर्गत जिला पंचायत सभाकक्ष नरसिंहपुर में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा मिशन नींव 2025 के तहत जन्म से 6 वर्ष तक के बच्चों को अलग- अलग के लिए निर्धारित आधारशिला, 3 से 6 वर्ष के लिए एवं नवचेतना अंतर्गत जन्म से 3 वर्ष तक के बच्चों को निर्धारित कोर्स और विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही जन्म से 6 वर्ष तक के बच्चों को पोषण एवं पढ़ाई के बराबर अनुपात एवं उसकी महत्वता व उसके जीवन में योगदान के विषय में बताया गया। प्रशिक्षण में प्राप्त तकनीक का प्रयोग वापस आंगनबाड़ी केन्द्र पर जाकर प्रतिदिन प्रत्येक बच्चों के साथ किया जाना है।

यह कार्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के सहयोग एवं कार्यकर्ताओं के समूहों द्वारा किया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास ने प्रत्येक कार्यकर्ता से प्रशिक्षण के संबंध में चर्चा की। उन्होंने इसके लाभ एवं प्रशिक्षण के उपरांत इसका उपयोग करने और उपयोग से होने वाले लाभ के संबंध में बताया। इसके अलावा प्रशिक्षण में प्राप्त तकनीक को आगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा उपयोग करने और इसे निरीक्षण सूची में शामिल करने के निर्देश दिये।

## सीएमएचओ की अध्यक्षता में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम की बैठक संपन्न



उमरिया।

**मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ व्ही एस चंदेल की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई । उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम 10 से 19 वर्ष की आयु किशोरावस्था जीवन में उपलब्धि के अपार संभावनाओं से भरा होता है लगभग प्रदेश की कुल जनसंख्या का 22 प्रतिषत भाग किशोर किशोरियों का है ।**

उन्होंने बताया कि शिक्षा स्वास्थ्य और विकास को प्रगति के अवसर प्राप्त करने में आने वाली बाधाओ को कम करने में किशोर किशोरियों की मदद करने में उमंग स्वास्थ्य केंद्र सकारात्मक नजर आ रहा है समीक्षा के दौरान अप्रैल एवं मइ 2025 दो माह का अवलोकन किया गया । बैठक में बताया गया कि जिले में तीन उमंग स्वास्थ्य केन्द्रो में कुल 864 किशोर किशोरियों को परामर्श सेवाएं प्रदान की गई जिसमें से 547 किशोरियों एवं 317 किशोर को परामर्श सेवाएं प्रदान की गई एवं उन्हें में से 162 किशोर किशोरियों को आवश्यकता अनुसार चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाता द्वारा करवाई गई । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर व्ही एस चंदेल द्वारा उमंग स्वास्थ्य क्लीनिक में पदस्थ किशोर स्वास्थ्य परामर्शदाताओं को मानसिक रोग से पीड़ित किशोर किशोरियों को मनकक्ष जिला चिकित्सालय उमरिया में रेफर करने हेतु निर्देशित किया गया । बैठक में उमंग स्वस्थ केंद्र में संधारित रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया एवं आगामी समय में स्कूल एवं छात्रावास महाविद्यालय का भ्रमण कर आउट गतिविधि का प्लान बनाकर संपादित करने हेतु एवं उमंग टोल फ्री नंबर 14425 चौट बॉक्स 8657024841 एवं टेली मानस हेल्पलाइन 14416 को प्रचार प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया ।

# फसल विविधीकरण पर जोर दें : कलेक्टर

**कृषि उत्पादन आयुक्त की बैठक के संबंध में तैयारियों की समीक्षा**

सतना



**कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने कहा कि शासन द्वारा खेती को लाभकारी बनाने फसल विविधीकरण पर लगातार जोर दिया जा रहा है। किसानों को आगामी फसल में धान के स्थान पर दलहन और तिलहनी फसलों तथा मोटे अनाज के लिए प्रेरित किया जाये।**

उन्होंने कहा कि दलहन और तिलहन फसलों की उन्नत बीज किसानों तक पहुंचायें और इनके रकबे में वृद्धि करने के आवश्यक उपाय भी करें। गुरूवार को कलेक्ट्रेट में संपन्न बैठक में रीवा में 18 जून को कृषि उत्पादन आयुक्त द्वारा ली जा रही बैठक की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी अधिकारी पूरी तैयारी के साथ बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, सहायक कलेक्टर अनिकेत शाडिल्य सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने कृषि आदानों की समीक्षा करते हुए कहा कि खेती को आधुनिक बनाने के लिए उन्नत तकनीक किसानों तक पहुंचाये। खेती के साथ-साथ किसानों को पशु पालन, मुर्गी पालन और मछली पालन से जोडकर उन्हें आर्थिक विकास का अवसर दें। विकसित कृषि संकल्प अभियान में किसानों से मिले सुझावों को भी कार्ययोजना में शामिल करें। खरीफ सीजन में किसानों को आवश्यकतानुसार उर्वरकों की सुचारू उपलब्धता के लिए आवंटन और वितरण पर लगतार निगरानी रखे। पशु चिकित्सा विभाग की समीक्षा में उप संचालक डॉ. प्रमोद शर्मा ने बताया कि सतना जिले में 3 लाख 10 हजार गाय और 1 लाख 85 हजार भैंस की संख्या 21वीं पशु संगणना में प्राप्त हुई है। जिले में साढे पन्द्रह लाख लीटर दुग्ध का उत्पादन प्रतिदिन हो रहा है और प्रदेश में सतना जिले की रैंक 9वीं पोजीशन पर है।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नवीन खेत तालाब के कार्य



शहडोल

**'जल को बचाएं जीवन को बचाएं', 'जब तक जल सुरक्षित है तब तक कल सुरक्षित है' गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में 30 जून 2025 तक जल को सहेजने, संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है।**

जिसके तहत जिले के समस्त जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतो में जल गंगा संवर्धन अभियान में लोगों ने उत्साह एवं उमंग के साथ जल का महत्व समझते हुए श्रमदान कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं और जल के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए संदेश दे रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहडोल जिले के जनपद पंचायत गोहपारू के ग्राम पंचायत ग्राम सुडवार में नवीन खेत तालाब के कार्य किए गए।

**स्पेशल खबर** सीमांकन के लंबित प्रकरणों का निराकरण वर्षात के पूर्व कराये जाने के निर्देश

# लंबित राजस्व प्रकरणों का समय सीमा के अंदर निराकरण करना सुनिश्चित करें : कलेक्टर

सिंगरौली

**राजस्व अधिकारी राजस्व के लंबित प्रकरणो का निराकरण समय सीमा के अंदर कराये। तथा सीमांकन, वटनवारा सहित सीएम हेल्प लाईन में लंबित शिकायतो का निराकरण भी संतुष्टि पूर्वक कराया जाना सुनिश्चित करे।**

उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित राजस्व अधिकारियों के बैठक के दौरान कलेक्टर श्री चन्द्र शेखर शुक्ला के द्वारा दिया गया। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को इस आशय के निर्देश दिए कि वर्षात के पूर्व ऐसे स्थलो का चिन्हांकन कराले जहा अधिक वर्षा के दौरान पुल पुलियों के उपर पानी का बहाव होने लगता है। इन पुल पुलियो से आवागमन होने के कारण ऐसी स्थिति दुर्घटना घटित होने की संभावना बनी रहती है। इन स्थलो पर बैरिकेटिंग कराने के साथ बार्ड लगाकर लोगो को पुल के उपर पानी होने पर पुल पार न करने की चेतावनी लिखी रहे। उन्होने कहा कि वर्षात के दौरान सर्प बिच्छु निकलने की संभावना रहती है आम जन मानस से अपील करे अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करे कि वर्षात के दौरान जमीन पर न लेटे तथा बाढ़ से प्रभावित होने वाले गावो को चिन्हित कर सुद्ध पेयजल उपलंब्धता



हेतु विशेष व्यवस्था बनाकर रखे। खासतौर पर चितरंगी क्षेत्र के ऐसे गाव जो सोन नदी के किनारे पर बसे है वहा पर अभी से बाढ़ नियंत्रण के तैयारियो पूर्ण रहे। कलेक्टर ने सूचना तंत्र को मजबूत बनाने के साथ साथ इस आशय के भी निर्देश दिए कि अपने अपने क्षेत्रो में पटवारी, सचिव तथा रोजगार सहायक से सर्वे करले कि गावो देहात में कही पर खुले बोर तथा जगत विहीन कूप तो नही है। तत्पश्चात तहसीलवार सीमांकन, वटनवारा, नामातरण के लंबित प्रकरणो के निराकरण की जानकारी लेने के पश्चात उपस्थित राजस्व अधिकारियो को निर्देश दिए कि तीन दिवस के अंदर नामातरण के प्रकरणो का निराकरण किया जाना सुनिश्चित किया जायें। तथा प्रत्येक सर्कित प्रभारी अधिकारी प्रति दिवस 20 सीमांकन कराया जाना सुनिश्चित करे। उन्होने कहा कि रजिस्ट्री प्राप्त होने के तीन दिवस के अंदर नामातरण करने का समय होता है जिसका कड़ाई से पालन किया जायें। कलेक्टर ने अवैध रूप से शहरी क्षेत्रो के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रो में भी कट रही अवैध कालोनियो का सर्वेक्षण कराये तथा उनके विरूद्ध नियामानुसार कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करे।कलेक्टर ने शत प्रतिशत फर्मर रजिस्ट्री सहित पीएम किसान रजिस्ट्रेसन के लंबित प्रकरणो के निराकरण एवं पीएम किसान ई केवायसी कराये जाने का निर्देश दिए। बैठक के दौरान स्वामित्व योजना एवं समाधान, लोक सेवा गारंटी के लंबित प्रकरणो की जानकारी लेने के पश्चात निर्देश दिए कि शत प्रतिशत प्रकरणो का निराकरण करे।